RAF SECTOR
NEWS CLIP
02/07/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran , Prayagraj (U.P)

फाफामऊ स्थित आरएएफ परिसर में पौधारोपण करते अर्द्ध सैनिक बल के जवान और उनके परिवार के लोग ● साभार : आरएएफ

फाफामऊ आरएएफ परिसर में पौधारोपण

जासं, प्रयागराज : फाफामऊ स्थित 101 वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) परिसर में पौधे लगाए गए। आरएएफ कमांडेंट आरके निगम और उनकी पत्नी सुनीता निगम ने पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की। उनके बाद वाहिनी के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवार के लोगों ने तीन हजार पौधे लगाए।

पौधरोपण मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है- आरके निगम
आरएएफ की ओर से वन महोत्सव सप्ताह आयोजित, रोपे गये तीन हजार पौधे

फाफामऊ शान्तिपुर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से एक जुलाई से सात दिवसीय वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। पहले दिन जवानों एवं उनके परिवार के लोगों ने कैंप परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में ३००० पौधे रोपित किये। इस दौरान आरएफ के कमाण्डेट आरके निगम, वाहिनी कावा अध्यक्षा सुनीता निगत एवं वन विभाग के एसडीओ फूलपुर रामानुज त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रयागराज बीपी सिंह मौजूद रहे। कमाण्डेंट आरएएफ आरके निगम ने कार्मिकों एवं जवानों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपनेनजदीकी गांव क्षेत्र में भी परिवार के सभी सदस्यों को कम से कम १० पौधे रोपित करना चाहिए, क्योंकि वृक्षारोपण मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है। तथा जीवन की जीवन रेखा आक्सीजन की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पुराण में कहा गया है कि एक जलकुंड दस कुएं के समान है। एक तालाब दस जलकुंड के बराबर है। एक पुत्र का दस तालाब के बराबर महत्व है और एक वृक्ष का दस पुत्रों जितना महत्व है। पौधरोपण में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके सिंह, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमाण्डेट अधिकारी तथा आरएफ के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।